कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाणा) : (क) से (घ) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

सहकारिता की शिक्षा का दिया जाना

3326. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि अध्ययन दल की सिफारिशों के बावजूद सरकार सहकारिता आन्दोलन के स्वस्थ विकास में सहायता देने हेतु सहकारिता की शिक्षा की आवश्यकता को स्वीकार करने को तैयार नहीं है ; और

(ख) क्या सरकार छात्रों को आरम्भ से ही सहकारिता की शिक्षा दिए जाने की आवश्यकता पर जोर देने का विचार रखती है ?

कृषि मंत्रालय में उर्वरक विभाग में राज्य मंत्री (श्री आर० प्रभु) : (क) जी नहीं । सातवीं पंचवर्षीय योजना में यह निर्धारित किया गया है कि सहकारी प्रशिक्षण और शिक्षा कार्यक्रम को तेज किया जायेगा और इसे सहकारी आंदोलन के विभिन्न क्षेत्रों की बढ़ती हुई विविध आवश्यकताओं से सम्बद्ध किया जायेगा । इसके अतिरिक्त, सातवीं योजना के अंतर्गत सहकारी विकास की नीति में अन्य बातों के साथ-साथ व्यावसायिक प्रबंध का सम्बर्धन करने और सहकारी समितियों को परिचालन क्षमता में सुधार करने के लिए प्रशिक्षण की प्रभावी सुविधाओं को सुदृढ़ करने का विचार है ।

(ख) समय-समय पर इस बात पर बल दिया गया है कि विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्रों को सहकारिता की संकल्पना और विभिन्न आर्थिक गतिविधियों में इसके उपयोग के बारे में अवगत कराया जाना चाहिए । विद्यालयों और महाविद्यालयों में सहकारिता को शिक्षा का विषय बनाये जाने के लिये यह भी सलाह दी गई है कि सम्वर्धनात्मक एजेंसियों द्वारा उपयुक्त साहित्य सृजित किया जाना चाहिए ।

बिहार में परवल का उत्पादन

3327. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बिहार में मुंगेर जिले का बिन्दा दियारा क्षेत्र, परवल के उत्पादन के मामले में सबसे आगे है ; और

(ख) क्या यह भी सच है कि परवल सब्जी पर न तो भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के पास और न पुस्तकालय में कोई साहित्य उपलब्ध है और न इस प्रकार के साहित्य को तैयार करने की कोई व्यवस्था ही की गई है ; और यदि हां, तो उसके क्या कारण है ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाणा) : (क) बिहार का मुंगेर जिले का बिन्दा दियारा क्षेत्र देश में परवल उगाने वाले क्षेत्रों में से एक है । तथापि परवल उगाने वाले क्षेत्र तथा परवल के कुल उत्पादन के बारे में आंकड़े उपलब्ध नहीं है ।

(ख) सब्जियों पर पाठ्य पुस्तकों में परवल फसल पर साहित्य तथा इसकी विशेषताएं आदि उपलब्ध है परन्तु किये गये विशिष्ट अनुसंधान कार्य पर पैकेज आफ प्रेक्टिसिज पर साहित्य उपलब्ध नही है । यह तब उपलब्ध होगा जब इस समय चालू अनुसंधान प्रयोजनाओं से कुछ परिणाम प्राप्त हो जायेंगे ।

पशुधन सुधार योजना

3328. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव**: क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा पशुधन सुधार की कितनी योजना-